संख्या- 06 /2019 /48 /चार-2019-3(बजट)/ 2016

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार
प्रमुख सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 19 जनवरी, 2019

विषय:- वित्तीय वर्ष 2018-19 में विकास भवन गाजीपुर के प्रांगण में एक आडिटोरियम हाल के निर्माण की प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 3649/सं0नि0-6(113)/2016-17 दिनांक 01 जनवरी, 2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विकास भवन गाजीपुर के प्रांगण में एक आडिटोरियम हाल के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था-उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 द्वारा प्रस्तुत आगणन रू0 992.04 लाख के सापेक्ष मूल्यांकित लागत रू0 841.26 लाख के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-190/2016/2225/चार-2016-3(बजट)/2016 , दिनांक 08 दिसम्बर, 2016 द्वारा रू0 150.00 लाख तथा शासनादेश संख्या-29/2018/237/चार-2018-3(बजट)/2016 , दिनांक 14 मार्च, 2018 द्वारा रू0 279.82 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 429.92 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 में 03-प्रेक्षागृह/खुलामंच का निर्माण-24 वृहत निर्माण कार्य मद में प्राविधानित धनराशि रू0 300.00 लाख में से अवशेष धनराशि प्रश्नगत कार्य हेतु रू0 50.00 लाख (रूपये पचास लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-190/2016/2225/चार-2016-3(बजट)/2016 , दिनांक 08 दिसम्बर, 2016 तथा शासनादेश संख्या-29/2018/237/चार-2018-3(बजट)/2016 , दिनांक 14 मार्च, 2018 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- उपर्युक्त स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-800-अन्य व्यय-03-प्रेक्षागृह/खुलामंच का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या- 06 /2019/ 48 /चार-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ ।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4,
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।